This booklet contains **64** printed pages.
इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# ATA-19-II

**PAPER II / प्रश्न-पत्र II**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet No.**
**परीक्षा पुस्तिका संख्या**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

**E**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **E.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :
   - Part-I : Child Development and Pedagogy (Q. Nos. 1-30)
   - Part-II : Mathematics and Science (Q. Nos. 31-90)
   - Part-III : Social Studies / Social Science (Q. Nos. 31-90)
   - Part-IV : Language-I (English/Hindi) (Q. Nos. 91-120)
   - Part-V : Language-II (English/Hindi) (Q. Nos. 121-150)
6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet of E Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत E** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग-I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र (प्रश्न सं. 1-30)
   - भाग-II : गणित व विज्ञान (प्रश्न सं. 31-90)
   - भाग-III : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान (प्रश्न सं. 31-90)
   - भाग-IV : भाषा-I (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 91-120)
   - भाग-V : भाषा-II (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 121-150)
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं । जैसा कि परीक्षार्थी ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा हैं ।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया E कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
8. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा -I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा ।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ____________________
: in words (शब्दों में) ____________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ____________________

**E**

## PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions (Q. Nos.* ***1*** *to* ***30****) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**1. Noor forgot to bring her tiffin to school and asked Tanya to share her tiffin saying "You should share your tiffin with me today because I shared my tiffin with you yesterday". According to Lawrence Kohlberg's theory of moral development, Noor's statements represents _________ orientation typical at _________ stage.**

(1) law and order ; post-conventional
(2) obedience ; pre-conventional
(3) being nice ; conventional
(4) exchange ; conventional

**2. Widely held beliefs about typified characteristics deemed appropriate for different sexes in the society are referred to as**

(1) gender discrimination.
(2) gender roles.
(3) gender identity.
(4) gender stereotypes.

**3. Recently there have been conscious efforts to include stories in curriculum where father is involved in household works and mother is doing adventure activities. This move is important because**

(1) it aims to strengthen gender bias.
(2) it aims to eliminate gender stereotyping.
(3) it aims to encourage gender constancy.
(4) it aims to increase gender discrimination.

**4. According to Vygotsky, when adults adjust the support to extend the child's current level of performance, it is called**

(1) discovery learning.
(2) zone of proximal development.
(3) scaffolding.
(4) inter-subjectivity.

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या* ***1*** *से* ***30****) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1. नूर विद्यालय में अपना लंच बॉक्स लाना भूल गई तथा यह कहते हुए तान्या से उसका लंच साझा करने के लिए कहा, "तुम्हें आज अपना लंच मेरे साथ साझा करना चाहिए क्योंकि कल मैंने तुम्हारे साथ अपना लंच साझा किया था।" लॉरेंस कोलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार नूर का कथन ________ अभिविन्यास प्रारूप को ________ अवस्था पर दर्शाता है।**

(1) कानून एवं व्यवस्था; पश्च–परम्परागत
(2) आज्ञापालन; पूर्व–परम्परागत
(3) अच्छा होना; परम्परागत
(4) आदान–प्रदान; परम्परागत

**2. समाज में विभिन्न लिंगों के लिए उपयुक्त मानी जाने वाली प्रारूपिक विशेषताओं के बारे में जन सामान्य की अवधारणाओं को क्या कहते हैं ?**

(1) जेंडर विभेदीकरण
(2) जेंडर भूमिकाएँ
(3) जेंडर पहचान
(4) जेंडर रूढ़िवादिताएँ

**3. हाल ही में पाठ्यचर्या में ऐसी कहानियों को शामिल करने के लिए विवेकशील प्रयास किया गया है जिसमें पिता घर के कार्यों में लगा रहता है और माता साहसी गतिविधियों को करती है। यह कदम किसलिए महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) यह जेंडर पक्षपात को सशक्त बनाता है।
(2) यह जेंडर रूढ़िवादिता को समाप्त करता है।
(3) यह जेंडर स्थिरता को प्रोत्साहित करता है।
(4) यह जेंडर विभेदीकरण को बढ़ाता है।

**4. वायगोट्स्की के अनुसार, जब एक वयस्क बच्चे के निष्पादन के वर्तमान स्तर को सहयोग द्वारा विस्तारित करता है तो इसे क्या कहते हैं ?**

(1) खोजपूर्ण अधिगम
(2) समीपस्थ विकास का क्षेत्र
(3) पाड़ (ढांचा)
(4) अंत: व्यक्तिनिष्ठता

5. **According to Jean Piaget's theory of cognitive development, hypothetico-deductive reasoning develops during**

(1) sensori-motor stage.

(2) pre-operational stage.

(3) concrete operational stage.

(4) formal operational stage.

6. **According to _________, it is important to understand the social processes and influence of the cultural context on children's thinking.**

(1) Lawrence Kohlberg

(2) Jean Piaget

(3) Lev Vygotsky

(4) Albert Bandura

7. **Drawing implications from Piaget's theory of cognitive development, a teacher of grade 6-8 in his classroom should**

(1) discourage use of logical arguments.

(2) present problems that require reasoning based solutions.

(3) use only concrete materials to teach a concept.

(4) rely solely on prescribed syllabus.

8. **As per Howard Gardner's theory of multiple intelligence, what would be the characteristics of a person with 'Logico-mathematical' intelligence ?**

(1) Sensitivity to the sounds, rhythms and meaning of words

(2) Ability to perceive visual-spatial world accurately

(3) Ability to produce and appreciate pitch, rhythm and aesthetic quality of musical expressiveness

(4) Sensitivity to and capacity to detect patterns, handle long chains of reasoning

5. **जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, परिकल्पित निगमनात्मक तर्क किस अवधि में विकसित होता है ?**

(1) संवेदी-चालक अवस्था

(2) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था

(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(4) अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था

6. **______ के अनुसार, बच्चों के चिंतन के बारे में सामाजिक प्रक्रियाओं तथा सांस्कृतिक संदर्भ के प्रभाव को समझना आवश्यक है ।**

(1) लॉरेंस कोलबर्ग

(2) जीन पियाजे

(3) लेव वायगोट्स्की

(4) अलबर्ट बैन्डुरा

7. **पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत से निहितार्थ निकालते हुए एक ग्रेड 6–8 के शिक्षक को अपनी कक्षा में क्या करना चाहिए ?**

(1) तार्किक बहस के प्रयोग को हतोत्साहित करना चाहिए ।

(2) ऐसी समस्याएँ प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें तर्क आधारित समाधान की आवश्यकता होती है ।

(3) एक अवधारणा को पढ़ाने के लिए केवल मूर्त सामग्रियों का प्रयोग करना चाहिए ।

(4) केवल निर्धारित पाठ्यक्रम पर निर्भर रहना चाहिए ।

8. **हावर्ड गार्डनर के बहु बुद्धि सिद्धांत के अनुसार, 'तार्किक–गणितीय' बुद्धि वाले एक व्यक्ति की क्या विशेषताएँ हो सकती हैं ?**

(1) ध्वनि, ताल तथा शब्दों के अर्थ के प्रति संवेदनशीलता ।

(2) दृश्य–स्थानिक परिवेश को सटीक रूप से ग्रहण करने की योग्यता ।

(3) संगीतमय अभिव्यक्तियों के आवाज के स्तर, ताल एवं सौंदर्यपरक गुणों को उत्पन्न करने एवं प्रशंसा करने की योग्यता ।

(4) पैटर्न को खोजने की एवं तर्क की लम्बी शृंखला को हल करने की क्षमता और संवेदनशीलता ।

9. **The process by which children develop habits, skills, values and motives that make them responsible, productive members of society is called**
   (1) socialization.
   (2) inclusion.
   (3) mainstreaming.
   (4) differentiation.

10. **Which of the following statements about the role of heredity and environment in human development is correct ?**
   (1) The only reason for individual differences is heredity.
   (2) Environmental influences totally shape the development of a human.
   (3) Neither heredity nor environment influence human development.
   (4) Heredity and environment both influence human development in a complex interplay.

11. **In a progressive classroom**
   (1) knowledge is constructed by the learner.
   (2) knowledge is received passively by the learner.
   (3) knowledge is reproduced by the learner as it is.
   (4) knowledge is recalled by the learner as per instructions of the teacher.

12. **Continuous and comprehensive evaluation includes**
   (1) only formative assessment
   (2) only summative assessment
   (3) neither formation nor summative assessment
   (4) both formative and summative assessments using a wide variety of strategies.

9. **वह प्रक्रिया जिसके द्वारा बच्चे आदतों, कौशलों, मूल्यों तथा अभिप्रेरणा को विकसित करते हैं और जो उन्हें समाज का जिम्मेदार एवं क्रियाशील सदस्य बनाती है, उसे क्या कहा जाता है ?**
   (1) सामाजीकरण
   (2) समावेशन
   (3) मुख्यधारा से जुड़ना
   (4) विभेदीकरण

10. **मानव विकास के संदर्भ में आनुवंशिकता तथा पर्यावरण की भूमिका के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**
   (1) वैयक्तिक विभिन्नताओं का एकमात्र कारण आनुवंशिकता है ।
   (2) परिवेशीय प्रभाव पूर्ण रूप से एक व्यक्ति के विकास को निर्धारित करते हैं ।
   (3) मानव-विकास को न तो आनुवंशिकता और न ही पर्यावरण प्रभावित करते हैं ।
   (4) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण दोनों एक जटिल पारस्परिक क्रिया के रूप में मानव विकास को प्रभावित करते हैं ।

11. **एक प्रगतिशील कक्षा में**
   (1) विद्यार्थी के द्वारा ज्ञान की संरचना की जाती है ।
   (2) विद्यार्थी के द्वारा निष्क्रिय रूप से ज्ञान प्राप्त किया जाता है ।
   (3) विद्यार्थी के द्वारा ज्ञान को उसी रूप में दोहराया जाता है ।
   (4) शिक्षक के निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी के द्वारा ज्ञान का अनुस्मरण किया जाता है ।

12. **सतत् एवं समग्र मूल्यांकन में क्या शामिल है ?**
   (1) केवल संरचनात्मक आकलन
   (2) केवल संकलनात्मक आकलन
   (3) ना तो संरचनात्मक न ही संकलनात्मक आकलन
   (4) विविध प्रकार की रणनीतियों का प्रयोग करते हुए दोनों संरचनात्मक एवं संकलनात्मक आकलन का प्रयोग करना

**13. A student in your class has been told again and again from different sources that people from his social group typically perform poorly in academics. To reduce the impact of this stereotype and resultant stereotype threat, a teacher's initial step can be :**

(1) ignoring such concerns.

(2) organizing competition between students from different social groups.

(3) suggesting the student to leave academics and join some other domain.

(4) presenting stories and examples of role models from different social groups.

**14. In an inclusive classroom, a teacher should**

(1) believe that every child has a potential to learn as per their abilities and strength.

(2) show an attitude of pity and sympathy towards disabled learners.

(3) use labels such as 'handicapped child', 'retarded child' to categorize children.

(4) pay attention only to the gifted and talented children.

**15. A student shows the following signs in the classroom :**

– **Anxiety around reading**

– **Difficulty in recognizing words or letters**

– **Poor vocabulary skills**

– **Difficulty with understanding or remembering what was read**

**These are an indication of**

(1) an autistic student.

(2) a creative student.

(3) a student with learning disability.

(4) a student with 'mental impairment'.

**13. आपकी कक्षा के एक विद्यार्थी को विभिन्न स्रोतों से बार–बार यह बताया गया है कि उसके सामाजिक वर्ग के लोग शैक्षिक क्षेत्र में निम्न स्तरीय प्रदर्शन करते हैं । इस रूढ़िवादिता एवं परिणामिक रूढ़िवादी आशंका के प्रभाव को कम करने के लिए एक शिक्षक को क्या पहल करना चाहिए ?**

(1) इस प्रकार के सरोकारों को अनदेखा करना चाहिए ।

(2) विभिन्न सामाजिक वर्गों के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित करनी चाहिए ।

(3) विद्यार्थी से पढ़ाई छोड़कर किसी अन्य क्षेत्र में शामिल होने के लिए सलाह देनी चाहिए ।

(4) विभिन्न सामाजिक वर्गों के रोल मॉडल से संबंधित कहानियों एवं उदाहरणों को प्रस्तुत करना चाहिए ।

**14. एक समावेशी कक्षा में शिक्षक को क्या करना चाहिए ?**

(1) यह विश्वास करना चाहिए कि प्रत्येक बच्चे में अपनी योग्यताओं एवं शक्ति के अनुसार सीखने की क्षमता है ।

(2) अशक्त अधिगमकर्त्ताओं के प्रति दया एवं सहानुभूति का भाव प्रदर्शित करना चाहिए ।

(3) बच्चों को 'अपाहिज बच्चा', 'मंद बुद्धि बच्चा' आदि के रूप में वर्गीकृत करना चाहिए ।

(4) केवल प्रतिभाशाली एवं योग्य बच्चों पर ध्यान देना चाहिए ।

**15. एक विद्यार्थी कक्षा में निम्नलिखित लक्षण प्रदर्शित करता है :**

– **पढ़ने के प्रति चिंता**

– **शब्दों या अक्षरों को पहचानने में कठिनाई**

– **निम्न स्तरीय शब्दावली कौशल**

– **पहले पढ़े हुए पाठ को समझने या याद करने में कठिनाई**

**ये किसके सूचक हैं ?**

(1) एक 'स्वलीन' विद्यार्थी के

(2) एक सृजनात्मक विद्यार्थी के

(3) अधिगम अशक्तता वाले विद्यार्थी के

(4) 'मानसिक क्षति' वाले विद्यार्थी के

16. **A teacher can address needs of specially abled learners in an inclusive classroom by**
    (1) emphasizing upon practice and drill and using paper-pencil tests for assessment.
    (2) following uniform ways of instructing the students.
    (3) giving a lot of written homework and stressing on copying of answers from other 'bright students'.
    (4) developing specific learning objectives based on an analysis of each student's learning strengths and weaknesses.

17. **A teacher can encourage creative learners in her classroom by**
    (1) emphasizing convergent thinking.
    (2) discouraging divergent thinking.
    (3) encouraging multiple perspectives and appreciating original ideas.
    (4) discouraging the students from taking risks and undertaking challenges.

18. **Which of the following factors supports meaningful learning in the classroom ?**
    (1) Increasing number of tests to motivate children to learn
    (2) Increasing rewards to motivate children to learn
    (3) Following only the lecture mode of instruction
    (4) Showing genuine interest in the content matter and having concern for children's overall well-being and learning

19. **An example of effective problem solving strategy is**
    (1) Not paying any attention to evaluating the solution.
    (2) Functional fixedness – focusing on only the conventional function of an object.
    (3) Response set – getting stuck on one way of representing a problem.
    (4) Means-end analysis – dividing the problem into number of sub-goals.

16. **एक शिक्षक एक समावेशी कक्षा में विशेष योग्यता वर्ग वाले अधिगमकर्त्ताओं की आवश्यकताओं को किस प्रकार से बता सकता है / संबोधित कर सकता है ?**
    (1) आकलन के लिए पेपर–पेंसिल टेस्ट का प्रयोग करना तथा अभ्यास एवं रटने पर बल देना ।
    (2) विद्यार्थियों को निर्देश देने के लिए एक रूप तरीकों का प्रयोग करना ।
    (3) अत्यधिक लिखित गृहकार्य देना तथा उत्तरों को अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों से नकल करने पर दबाव डालना ।
    (4) प्रत्येक विद्यार्थी के अधिगम के सशक्त पक्षों एवं कमजोरियों के विश्लेषण के आधार पर विशिष्ट अधिगम उद्देश्यों को विकसित करना ।

17. **एक शिक्षिका अपनी कक्षा में सृजनात्मक विद्यार्थियों को किस प्रकार से प्रोत्साहित कर सकती है ?**
    (1) अपसारी चिंतन पर बल देकर
    (2) अभिसारी चिंतन को हतोत्साहित करके
    (3) अनेक परिप्रेक्ष्यों को प्रोत्साहित करके तथा मूल विचारों को महत्त्व देकर
    (4) विद्यार्थियों को जोखिम लेने एवं चुनौतियाँ का सामना करने से हतोत्साहित करके

18. **निम्नलिखित में से कौन सा कारक कक्षा में सार्थक अधिगम का पक्ष लेता है ?**
    (1) बच्चों को पढ़ने के लिए अभिप्रेरित करने हेतु परीक्षणों की संख्या को बढ़ाना
    (2) बच्चों को पढ़ने के लिए अभिप्रेरित करने हेतु पुरस्कारों को बढ़ावा देना
    (3) निर्देश के लिए केवल व्याख्यान विधि को अपनाना
    (4) विषयवस्तु तथा बच्चों के संपूर्ण कुशलक्षेम एवं अधिगम के प्रति सच्चा सरोकार रखना

19. **निम्नलिखित में से कौन सा प्रभावशाली समस्या समाधान रणनीति का एक उदाहरण है ?**
    (1) समाधान के मूल्यांकन पर बिलकुल ध्यान नहीं देना
    (2) क्रियात्मक अनम्यता – एक वस्तु के केवल परंपरागत कार्य पर ध्यान देना
    (3) प्रतिक्रिया निर्धारण – समस्या प्रस्तुतिकरण के एक ही आयाम में सीमित रहना
    (4) साधन–साध्य विश्लेषण – समस्या को अनेक उपलक्ष्यों में विभाजित करना

20. **Which of the following is NOT an effective strategy for teaching-learning ?**
   (1) Encouraging children to make intuitive guesses
   (2) Experimentation and exploration
   (3) Dialogue and discussion
   (4) Focusing on reproduction of knowledge as given

21. **How can teachers deal with children who are non-attentive in the classroom ?**
   (1) Ask the children to go out of the class.
   (2) Scold them frequently in front of the entire class.
   (3) Talk to them and find out reasons for their disinterest.
   (4) Give them a lot of worksheets as homework.

22. **Constructivist approach suggests that _________ is crucial for constructing knowledge.**
   (1) prior knowledge of the learner
   (2) conditioning
   (3) punishment
   (4) rote memorization

23. **Children construct 'naive theories' about various phenomenon. In this background a teacher should**
   (1) challenge these conceptions of the children through dialogue.
   (2) dismiss these ideas that children have.
   (3) ignore children's ideas and theories.
   (4) scold the children for having these ideas that interfere with her teaching.

20. **निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण–अधिगम के लिए एक प्रभावशाली शिक्षण प्रणाली नहीं है ?**
   (1) बच्चों को अंतदृष्टि के द्वारा अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करना ।
   (2) प्रयोग एवं पर्यवेक्षण ।
   (3) संवाद एवं परिचर्चा ।
   (4) दिए गए ज्ञान को दोहराने पर ध्यान केंद्रित करना ।

21. **शिक्षक कक्षा में पढ़ने में ध्यान न देने वाले बच्चों से किस प्रकार का बरताव कर सकते हैं ?**
   (1) बच्चों को कक्षा से बाहर जाने के लिए कहकर ।
   (2) पूरी कक्षा के सामने उन्हें बार–बार डाँटकर ।
   (3) उनसे बात करके तथा उनकी अरुचि का कारण जानने की कोशिश करके ।
   (4) उन्हें गृहकार्य के रूप में अत्यधिक वर्कशीट देकर ।

22. **संरचनावादी उपागम बताता है कि ______ ज्ञान की संरचना के लिए अत्यन्त आवश्यक है ।**
   (1) विद्यार्थी का पूर्वज्ञान
   (2) अनुबंधन
   (3) दंड
   (4) यंत्रवत् याद करना

23. **बच्चे अनेक घटनाओं के बारे में सहजानुभूत सिद्धांत की संरचना करते हैं । इस पृष्ठभूमि में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?**
   (1) संवाद के द्वारा बच्चों की इन अवधारणाओं को चुनौती देनी चाहिए ।
   (2) बच्चों के इन विचारों को खारिज करना चाहिए ।
   (3) बच्चों के विचारों एवं सिद्धांतों को अनदेखा करना चाहिए ।
   (4) बच्चों को इन विचारों के लिए डाँटना चाहिए क्योंकि ये विचार उनके शिक्षण में हस्तक्षेप करते हैं ।

**24. The relationship between cognition and emotions is**

(1) independent of each other.

(2) uni-directional – emotions influence cognition.

(3) uni-directional – cognition influences emotions.

(4) bi-directional – a dynamic interplay between both.

**25. Which of the following factors affect learning ?**

**(i) Interest of the student**

**(ii) Emotional health of the student**

**(iii) Pedagogical strategies**

**(iv) Social and cultural context of the student**

(1) (i), (ii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (ii), (iii)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**26. _________ are an important aspect of the process of meaningful construction of knowledge.**

(1) Social interactions

(2) Drill and repetitive recall

(3) Rewards and punishment

(4) Stimulus-response associations

**27. When students repeatedly engage in an activity (such as design and conduct an experiment) to earn a reward that is not directly related to that activity (such as earn a 'star' or 'badge') they are likely to**

(1) develop materialistic attitude towards learning.

(2) enjoy learning for the sake of understanding.

(3) persist in doing the activity even without the reward.

(4) set mastery goals for themselves rather than work to please others.

**24. संज्ञान एवं संवेग के बीच किस प्रकार संबंध होता है ?**

(1) एक दूसरे से स्वतंत्र हैं

(2) एक दिशीय – संवेग संज्ञान को प्रभावित करते हैं

(3) एक दिशीय – संज्ञान संवेगों को प्रभावित करता है

(4) द्विदिशीय – दोनों के बीच एक गतिशील पारस्परिक क्रिया होती है

**25. निम्नलिखित में से कौन से कारक अधिगम को प्रभावित करते हैं ?**

**(i) विद्यार्थी की अभिरुचि**

**(ii) विद्यार्थी का सांवेगिक स्वास्थ्य**

**(iii) शिक्षाशास्त्रीय रणनीतियाँ**

**(iv) विद्यार्थी का सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ**

(1) (i), (ii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (ii), (iii)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**26. निम्नलिखित में से क्या ज्ञान के सार्थक संरचना की प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है ?**

(1) सामाजिक पारस्परिक क्रियाएँ

(2) लगातार अभ्यास तथा बार–बार स्मरण करना

(3) पुरस्कार एवं दंड

(4) उद्दीपन–प्रतिक्रिया संबंध

**27. जब विद्यार्थी पुरस्कार पाने की इच्छा से बार–बार किसी गतिविधि को करने का निर्णय लेते हैं (जैसा कि एक प्रयोग का नियोजन एवं संचालन करना) जो कि प्रत्यक्ष रूप से उस गतिविधि से संबंधित नहीं है (जैसा कि एक 'स्टार' या 'बैज' प्राप्त करना), ऐसी स्थिति में क्या संभावना उत्पन्न होती है ?**

(1) अधिगम के प्रति भौतिकवादी अभिवृत्ति का विकास

(2) समझने के लिए अधिगम से आनंद प्राप्त करना

(3) पुरस्कार के बिना भी उस गतिविधि में लगे रहना

(4) अन्य लोगों को खुश करने के लिए कार्य करने के बजाय स्वयं की निपुणता के लिए उद्देश्य निर्धारित करना

28. **The concept of childhood is**

(1) universally the same across different cultural contexts.

(2) a social construction according to contemporary socio-constructivist theorists.

(3) that children are born evil and have to be civilized.

(4) that children begin with nothing at all and their characteristics are shaped entirely by environment.

29. **Which of the following characterize the period of 'middle childhood' ?**

(1) Physical growth and development occur at a very rapid pace.

(2) Ability to think abstractly and use of scientific reasoning develops.

(3) Children begin to think logically but concretely.

(4) Learning occurs primarily through sensory and motor activities.

30. **Family and neighbourhood are**

(1) psychological agencies for children.

(2) primary socializing agencies.

(3) middle socializing agencies.

(4) secondary socializing agencies.

28. **बाल्यावस्था की अवधारणा से क्या अभिप्राय है ?**

(1) यह विभिन्न सांस्कृतिक संदर्भों में सार्वभौम रूप से समान है ।

(2) समकालीन सामाजिक-संरचनावादी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार यह एक सामाजिक संरचना है ।

(3) यह है कि बच्चे दुष्ट रूप में पैदा होते हैं और उन्हें सभ्य बनाना होता है ।

(4) यह कि बच्चे शून्य से शुरुआत करते हैं और उनके गुण पूरी तरह से परिवेश के द्वारा निर्धारित किए जाते हैं ।

29. **निम्नलिखित में से कौन सी 'मध्य बाल्यावस्था' की विशेषता है ?**

(1) शारीरिक वृद्धि एवं विकास बहुत तेज गति से होता है ।

(2) अमूर्त रूप से सोचने तथा वैज्ञानिक तर्क का प्रयोग करने की योग्यता विकसित होती है ।

(3) बच्चे तार्किक एवं मूर्त रूप से सोचना प्रारंभ कर देते हैं ।

(4) अधिगम मुख्य रूप से संवेदी एवं चालक गतिविधियों द्वारा घटित होता है ।

30. **परिवार एवं पास-पड़ोस, बच्चों के सामाजीकरण की –**

(1) मनोवैज्ञानिक एजेंसियाँ हैं ।

(2) प्राथमिक एजेंसियाँ हैं ।

(3) मध्य एजेंसियाँ हैं ।

(4) द्वितीयक एजेंसियाँ हैं ।

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | **महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न *31* से *90* या तो भाग - *II* (गणित व विज्ञान) या भाग - *III* (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।** |

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. How many pairs of twin primes are there between the integers 1 to 100 ?**

(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8

**32. If $21168 = 2^a \times 3^b \times 7^c$, where a, b and c are natural numbers, then what is the value of (4a – 5b + c) ?**

(1) 0
(2) 1
(3) 2
(4) 3

**33. Let $x$ be the least number which when divided by 8, 12, 20, 28, 35 leaves a remainder 5 in each case. What is the sum of digits of $x$ ?**

(1) 11
(2) 14
(3) 15
(4) 17

**34. What number should be subtracted from each of 50, 61, 92, 117 so that the numbers, so obtained in this order, are in proportion ?**

(1) 14
(2) 17
(3) 19
(4) 23

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31. पूर्णांकों 1 से 100 तक के मध्य अभाज्य युग्मों की संख्या क्या है ?**

(1) 5 (2) 6
(3) 7 (4) 8

**32. यदि $21168 = 2^a \times 3^b \times 7^c$ है, जहाँ a, b तथा c प्राकृत संख्याएँ हैं, तो (4a – 5b + c) का मान क्या है ?**

(1) 0 (2) 1
(3) 2 (4) 3

**33. माना कि $x$ एक वह सबसे छोटी संख्या है, जिसे 8, 12, 20, 28, 35 से भाग देने पर प्रत्येक दशा में 5 शेष रहता है । $x$ के अंकों का योग है**

(1) 11
(2) 14
(3) 15
(4) 17

**34. संख्याओं 50, 61, 92, 117 में से प्रत्येक में से कौन सी संख्या घटाई जाए ताकि इस प्रकार इसी क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में हो जाएँ ?**

(1) 14
(2) 17
(3) 19
(4) 23

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

35. A sum of ₹ 1,710 is divided in A, B and C such that 4 times of A, 6 times of B and 9 times of C are equal. What is the difference between A and C ?

(1) ₹ 360

(2) ₹ 450

(3) ₹ 480

(4) ₹ 540

36. The number of fruits in baskets A and B are in the ratio 7 : 9. If six fruits are taken out from A and put in B, then this ratio becomes 1 : 3.

The total number of fruits in A and B is

(1) 28

(2) 32

(3) 36

(4) 40

37. $\Delta ABC$ and $\Delta ADB$ are on the common base AB and on the same side of AB. $DA \perp AB$, $CB \perp AB$ and $AC = BD$. Which of the following is true ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta ABD$

(2) $\Delta ABC \cong \Delta ADB$

(3) $\Delta ABC \cong \Delta BAD$

(4) $\Delta ABC \cong \Delta BDA$

35. ₹ 1,710 की एक राशि A, B तथा C में इस प्रकार बाँटी जाती है कि A का चार गुना, B का 6 गुना तथा C का 9 गुना बराबर हैं । A और C में क्या अंतर है ?

(1) ₹ 360

(2) ₹ 450

(3) ₹ 480

(4) ₹ 540

36. टोकरियों A और B में रखे फलों की संख्या में 7 : 9 का अनुपात है । यदि टोकरी A में से छः फल निकालकर टोकरी B में डाल दिए जाए, तो यह अनुपात 1 : 3 हो जाता है ।

A और B में कुल कितने फल हैं ?

(1) 28

(2) 32

(3) 36

(4) 40

37. $\Delta ABC$ और $\Delta ADB$ का उभयनिष्ठ आधार AB है और दोनों त्रिभुज, AB के एक ओर स्थित हैं । $DA \perp AB$ और $CB \perp AB$ तथा $AC = BD$ है । निम्न में से कौन सा सत्य है ?

(1) $\Delta ABC \cong \Delta ABD$

(2) $\Delta ABC \cong \Delta ADB$

(3) $\Delta ABC \cong \Delta BAD$

(4) $\Delta ABC \cong \Delta BDA$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**38.** **The sides of four triangles are given below :**

**(i) 20 cm, 22 cm, 24 cm**

**(ii) 15 cm, 32 cm, 37 cm**

**(iii) 11 cm, 60 cm, 61 cm**

**(iv) 19 cm, 40 cm, 41 cm**

**Which of them forms a right triangle ?**

(1) (i)

(2) (ii)

(3) (iii)

(4) (iv)

**39.** **The angles of a quadrilateral are in the ratio 3 : 5 : 7 : 9. What is the difference between the least and the greatest angles of the quadrilateral ?**

(1) 50°

(2) 60°

(3) 72°

(4) 90°

**40.** **The perimeter of a triangle is 12 cm. If all the three sides have lengths (in cm), in integers, then how many such different triangles are possible ?**

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 5

**38.** **चार त्रिभुजों की भुजाएँ नीचे दी गई हैं :**

**(i) 20 cm, 22 cm, 24 cm**

**(ii) 15 cm, 32 cm, 37 cm**

**(iii) 11 cm, 60 cm, 61 cm**

**(iv) 19 cm, 40 cm, 41 cm**

**इनमें से कौन सा समूह समकोण त्रिभुज बनाता है ?**

(1) (i)

(2) (ii)

(3) (iii)

(4) (iv)

**39.** **किसी चतुर्भुज के कोण 3 : 5 : 7 : 9 के अनुपात में हैं । चतुर्भुज के सबसे छोटे तथा सबसे बड़े कोण का अंतर क्या है ?**

(1) 50°

(2) 60°

(3) 72°

(4) 90°

**40.** **किसी त्रिभुज का परिमाप 12 cm है । यदि इसकी सभी भुजाओं की लंबाइयाँ (cm में) पूर्णांकों में हैं, तो इस प्रकार के कितने विभिन्न त्रिभुज संभव हैं ?**

(1) 2

(2) 3

(3) 4

(4) 5

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**41.** **A godown is in the shape of a cuboid whose length, breadth and height are 56 m, 42 m and 10 m respectively. How many (maximum) cuboidal boxes each measuring 2.8 m × 2.5 m × 70 cm can be stored into the godown ?**

(1) 2400

(2) 3600

(3) 4800

(4) 5400

**42.** **The circumference of the base of a right circular cylinder is 528 cm and its height is 2 m. What is the volume of the cylinder ?** $\left(\text{Take } \pi = \frac{22}{7}\right)$

(1) 2.2176 $m^3$

(2) 3.3264 $m^3$

(3) 4.4352 $m^3$

(4) 6.6528 $m^3$

**43.** **The area of a quadrilateral is 227.2 $cm^2$ and the length of the perpendiculars from the opposite vertices to a diagonal are 7.2 cm and 8.8 cm. What is the length of the diagonal ?**

(1) 26.8 cm

(2) 28.4 cm

(3) 30.2 cm

(4) 32.6 cm

**41.** **एक घनाभाकार गोदाम की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमश: 56 m, 42 m और 10 m है इसके अंदर (अधिकतम) कितने घनाभाकार डिब्बे रखे जा सकते हैं, यदि प्रत्येक डिब्बे की विमाएँ 2.8 m × 2.5 m × 70 cm हैं ?**

(1) 2400

(2) 3600

(3) 4800

(4) 5400

**42.** **किसी लंब वृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 528 cm है और इसकी ऊँचाई 2 m है। बेलन का आयतन है** $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ **लीजिए।**$\left.\right)$

(1) 2.2176 $m^3$

(2) 3.3264 $m^3$

(3) 4.4352 $m^3$

(4) 6.6528 $m^3$

**43.** **किसी चतुर्भुज का क्षेत्रफल 227.2 $cm^2$ है और इसके एक विकर्ण पर उसके सम्मुख शीर्षों से डाले गए लम्बों की लम्बाइयाँ 7.2 cm तथा 8.8 cm हैं। इस विकर्ण की लंबाई क्या है ?**

(1) 26.8 cm

(2) 28.4 cm

(3) 30.2 cm

(4) 32.6 cm

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

44. If $5(3x + 4) - 8(6x + 7) = 9x - 8$, then what is the value of $(x^2 - 2x + 1)$ ?
(1) $\frac{2}{3}$
(2) $\frac{4}{9}$
(3) $\frac{5}{3}$
(4) $\frac{25}{9}$

45. What is the value of $a(a + b^2 + c) + b^2(a^2 + b^2 + c^2) - c(a + b^2)$, when $a = 1, b = -3$ and $c = -2$ ?
(1) 138
(2) 154
(3) 162
(4) 176

46. The expression
$(x - y)(x^2 + xy + y^2) + (x + y)(x^2 - xy + y^2) - (x + y)(x^2 - y^2)$
is equal to
(1) $x^3 - y^3 + xy(x + y)$
(2) $y^3 - x^3 + xy(y + x)$
(3) $x^3 + y^3 + xy(y - x)$
(4) $x^3 + y^3 + xy(x - y)$

47. What is the mean of the median, mode and range for the data given below ?
11, 25, 0, 8, 25, 30, 44, 50, 30, 18, 20, 17, 11, 9, 24, 25, 29
(1) 31
(2) 32
(3) 33
(4) 34

44. यदि $5(3x + 4) - 8(6x + 7) = 9x - 8$ है, तो $(x^2 - 2x + 1)$ का मान क्या है ?
(1) $\frac{2}{3}$
(2) $\frac{4}{9}$
(3) $\frac{5}{3}$
(4) $\frac{25}{9}$

45. जब $a = 1$, $b = -3$ तथा $c = -2$ हैं, तो $a(a + b^2 + c) + b^2(a^2 + b^2 + c^2) - c(a + b^2)$ का क्या मान है ?
(1) 138
(2) 154
(3) 162
(4) 176

46. व्यंजक
$(x - y)(x^2 + xy + y^2) + (x + y)(x^2 - xy + y^2) - (x + y)(x^2 - y^2)$
बराबर है
(1) $x^3 - y^3 + xy(x + y)$
(2) $y^3 - x^3 + xy(y + x)$
(3) $x^3 + y^3 + xy(y - x)$
(4) $x^3 + y^3 + xy(x - y)$

47. निम्न आँकड़ों के लिए माध्यक, बहुलक और परिसर का माध्य क्या है ?
11, 25, 0, 8, 25, 30, 44, 50, 30, 18, 20, 17, 11, 9, 24, 25, 29
(1) 31
(2) 32
(3) 33
(4) 34

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**48. A mathematical theorem is**

(1) a statement that has been proven by logical arguments based on axioms.

(2) a statement which is always true and doesn't need proof.

(3) a statement whose truth or falsity is not known.

(4) is a statement without sufficient evidence for proof.

**49. "Things which are equal to the same thing are equal to one another." This axiom which is basis to arithmetic and algebra is given by**

(1) Euclid

(2) Pythagoras

(3) Descartes

(4) Euler

**50. Which of the following can be used as assessment strategy to encourage interdisciplinary in Mathematics ?**

**A. Projects**

**B. Field trips**

**C. Anecdotal records**

**D. Olympiad**

(1) A & B

(2) A & C

(3) B & C

(4) C & D

**48. एक गणितीय प्रमेय है**

(1) एक कथन जिसे अभिगृहीतों की तर्कसंगत युक्तियों द्वारा सिद्ध किया गया है ।

(2) एक कथन जो कि सदैव सही होता है और उसे उपपत्ति की आवश्यकता नहीं है ।

(3) एक कथन जिसकी सत्यता या असत्यता की कोई जानकारी नहीं है ।

(4) एक कथन है जिसकी उपपत्ति यथेष्ट साक्ष्य से रहित है ।

**49. "वस्तुएँ जो कि एकसमान वस्तु के बराबर हैं, वे एक दूसरे के बराबर होंगी ।" यह अभिगृहीत जो अंकगणित व बीजगणित का आधार है, दिया है**

(1) यूक्लिड (Euclid) ने

(2) पायथागोरस (Pythagoras) ने

(3) देकार्ते (Descartes) ने

(4) ऑयलर (Euler) ने

**50. गणित में अंत: विषयकता को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नलिखित में से किसे आकलन योजना के रूप में उपयोग किया जा सकता है ?**

**A. परियोजना (प्रोजेक्ट)**

**B. क्षेत्र भ्रमण (फील्ड ट्रिप)**

**C. वर्णन अभिलेखों**

**D. ओलिंपियाड**

(1) A और B

(2) A और C

(3) B और C

(4) C और D

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**51. Which method can be used to prove "The sum of two even integers is always even" ?**

(1) Proof by induction
(2) Direct proof
(3) Proof by contradiction
(4) Counter positive proof

**52. Which of the following skills are promoted by mathematics at upper primary stage ?**

**A. Visualisation**
**B. Transposition**
**C. Memorisation**
**D. Generalisation**
**E. Estimation**

(1) A, B, D, E
(2) A, B, C, D
(3) B, C, D, E
(4) A, C, D, E

**53. Which of the following tasks is <u>least</u> likely to develop critical thinking among students ?**

(1) Evaluate $72 \times 73$ in three different ways and compare the result.
(2) Formulate any two situations to represent the equation $7x + 3 = 24$.
(3) A student calculated the volume of a right circular cylinder of radius 3.5 cm and height 10 cm as 38.5 $cm^3$. Where did she go wrong ?
(4) Calculate the volume of a right circular cylinder of radius 3.5 cm and height 10 cm.

**51. किस विधि से यह सिद्ध किया जा सकता है कि "दो सम पूर्णांकों का योग सदैव सम होता है ।" ?**

(1) आगमन विधि द्वारा उपपत्ति
(2) प्रत्यक्ष उपपत्ति
(3) प्रतिवाद द्वारा उपपत्ति
(4) प्रति सकारात्मक उपपत्ति

**52. गणित के उच्च प्राथमिक स्तर पर निम्नलिखित में से किन कौशलों को प्रोत्साहित किया जाता है ?**

**A. मानसदर्शन**
**B. पक्षांतरण**
**C. कंठस्थ करना**
**D. सामान्यीकरण**
**E. अनुमान लगाना**

(1) A, B, D, E
(2) A, B, C, D
(3) B, C, D, E
(4) A, C, D, E

**53. निम्नलिखित में से किस कार्य से विद्यार्थियों में विवेचनात्मक विचारों के विकास की संभावना <u>न्यूनतम</u> होगी ?**

(1) $72 \times 73$ को तीन विभिन्न तरीकों से हल करके उनके परिणामों की तुलना कीजिए ।
(2) समीकरण $7x + 3 = 24$ को निरूपित करने वाली कोई दो स्थितियों को सूत्रबद्ध कीजिए ।
(3) एक विद्यार्थी ने एक लंब वृत्तीय बेलन, जिसकी त्रिज्या 3.5 cm और ऊँचाई 10 cm है, का आयतन 38.5 $cm^3$ परिकलित किया । उसने कहाँ गलती की ?
(4) एक लंब वृत्तीय बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए जिसकी त्रिज्या 3.5 cm और ऊँचाई 10 cm है ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

54. **Which of the following aligns with the overall objective of achieving 'Mathematics for All' as per NCF-2005 ?**

(1) It should be acknowledged that mathematics is meant for selected few students.

(2) Textbooks should only include problems of average difficulty.

(3) Contributions of mathematicians from different regions and different social groups should be highlighted.

(4) Mathematically talented students should be groomed in isolation.

55. **Which of the following is considered as a characteristic of an effective mathematics classroom ?**

(1) Group work and group problem-solving is discouraged.

(2) It is emphasized that mathematics is essentially a concrete subject.

(3) Multiple ways of approaching a problem are encouraged.

(4) Steps for solving a new problem are neatly demonstrated on the board by the teacher.

54. **राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) 2005 की अनुशंसा के अनुसार 'सभी के लिए गणित' उपलब्ध कराने का व्यापक उद्देश्य निम्नलिखित में से किससे संरेख है ?**

(1) यह मान लिया जाना चाहिए कि गणित का महत्त्व कुछ विशिष्ट विद्यार्थियों के लिए है ।

(2) पाठ्य-पुस्तक में सम्मिलित प्रश्न केवल सामान्य कठिनाई वाले होने चाहिए ।

(3) विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न सामाजिक समूहों वाले गणितज्ञों के योगदानों की विशिष्टिताओं पर बल देना चाहिए ।

(4) गणित में निपुण विद्यार्थियों को एकाकीपन में शिक्षण देना चाहिए ।

55. **गणितीय कक्षा कक्ष को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित में से क्या प्रभावी है ?**

(1) समूह में कार्य और समूह में समस्या सुलझाने को हतोत्साहित करना चाहिए ।

(2) महत्त्व दिया जाना चाहिए कि अनिवार्य रूप से गणित एक मूर्त विषय है ।

(3) एक प्रश्न को हल करने के लिए विभिन्न तरीकों को प्रोत्साहित करना चाहिए ।

(4) अध्यापक द्वारा एक नई समस्या को हल करने के चरणों को कुशलता से बोर्ड पर निरूपित करना चाहिए ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**56. Which of the following is a desirable practice in the context of teaching and learning of measurement of volume ?**

(1) Begin by writing the formula of volume of a cube.

(2) Encourage precise calculation right from the beginning.

(3) Begin by introducing students to the volume of 2-D figures.

(4) Encourage students to figure out ways to calculate the volume of different objects.

**57. Which of the following is <u>NOT true</u> according to Piaget's view of children's understanding of space ?**

(1) Progression of geometric ideas follows a definite order.

(2) Progression of Geometric ideas follows a historical rather than a logical order.

(3) Early understanding of space is formed by child's sensory motor experiences.

(4) Co-ordination of different visual and tactile experiences is required for understanding projective space.

**56. आयतन के मापन के शिक्षण और अधिगम संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया वांछनीय है ?**

(1) प्रारंभ में एक घन के आयतन के सूत्र को लिखना ।

(2) प्रारंभ से ही सटीक परिकलन को प्रोत्साहित करना ।

(3) विद्यार्थियों को प्रारंभ में 2-विमाओं वाली आकृतियों के आयतन की जानकारी देना ।

(4) विद्यार्थियों को विभिन्न आकृतियों के आयतन के परिकलन हेतु प्रयासों की कल्पना के लिए प्रोत्साहित करना ।

**57. पियाज़े के अनुसार बच्चों की दिक्–स्थान की समझ के लिए निम्नलिखित में से क्या <u>सही नहीं</u> है ?**

(1) ज्यामितीय बोध की प्रगति एक सुनिश्चित क्रम का अनुसरण करती है ।

(2) ज्यामितीय बोध की प्रगति इतिहासिक क्रम में होती है न कि तर्कसंगत क्रम में ।

(3) बच्चों में दिक्स्थान की प्रारंभिक समझ उनके ज्ञानेंद्रिय प्रेरक अनुभवों से उत्पन्न होती है ।

(4) प्रक्षेपित दिक्स्थान को समझने के लिए विभिन्न दृश्य और स्पर्शीय अनुभवों के तालमेल की आवश्यकता होती है ।

58. If $-12 \times (-3) + [20 \div (-4) - (-24) \div 8] - [16 \div (-2)] = (-28 \div 7) + x$,

then the value of $x$ is

(1) 29

(2) 39

(3) 46

(4) 47

59. If an 8-digit number 30$x$0867y is divisible by 88, then what is the value of $(3x + y)$ ?

(1) 4

(2) 5

(3) 6

(4) 7

60. The value of

$$6\frac{2}{3} \div 2\frac{1}{2} \times 3\frac{3}{4} - 5\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{4} + 1\frac{2}{3}\left(\frac{7}{8} + \frac{3}{4} \times \frac{2}{3}\right)$$

is

(1) $-11\frac{1}{12}$

(2) $11\frac{1}{12}$

(3) $6\frac{1}{2}$

(4) $-6\frac{1}{2}$

58. यदि $-12 \times (-3) + [20 \div (-4) - (-24) \div 8] - [16 \div (-2)] = (-28 \div 7) + x$ है, तो $x$ का मान है

(1) 29

(2) 39

(3) 46

(4) 47

59. यदि 8-अंकों वाली संख्या 30$x$0867y, 88 से विभाज्य है, तो $(3x + y)$ का मान क्या है ?

(1) 4

(2) 5

(3) 6

(4) 7

60. $6\frac{2}{3} \div 2\frac{1}{2} \times 3\frac{3}{4} - 5\frac{1}{2} \times 4\frac{1}{4} + 1\frac{2}{3}\left(\frac{7}{8} + \frac{3}{4} \times \frac{2}{3}\right)$ का मान है

(1) $-11\frac{1}{12}$

(2) $11\frac{1}{12}$

(3) $6\frac{1}{2}$

(4) $-6\frac{1}{2}$

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**61. 'X' is a chemical present in our stomach and is necessary for digestion of food. When 'X' is secreted in excess, it causes health problems like indigestion. 'Y' is a chemical used to treat this condition. What could be 'X' and 'Y' ?**

(1) X is hydrochloric acid & Y is sodium carbonate.

(2) X is milk of magnesia & Y is hydrochloric acid.

(3) X is hydrochloric acid & Y is milk of magnesia.

(4) X is milk of magnesia & Y is ascorbic acid.

**62. In which of the following processes, Bacteria is NOT used ?**

(1) Formation of curd

(2) Baking of bread

(3) Fermentation of Sugarcane juice

(4) Nitrogen fixation

**63. Which of the following is different from the rest ?**

(1) Deforestation

(2) Desertification

(3) Erosion

(4) Conservation

**64. Which of the following statements is NOT correct ?**

(1) Digestion is a chemical change.

(2) Photosynthesis is a chemical change.

(3) Respiration is a chemical change.

(4) Crystallisation is a chemical change.

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**61. 'X' वह रसायन है जो हमारे आमाशय में उपस्थित है तथा भोजन के पाचन के लिए आवश्यक है । जब 'X' आधिक्य में स्रावित होता है, तो यह अपाचन जैसी स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न करता है । 'Y' वह रसायन है जिसका उपयोग ऐसी ही परिस्थिति में उपचार के लिए किया जाता है । 'X' और 'Y' क्या हैं ?**

(1) X हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा Y सोडियम कार्बोनेट है ।

(2) X मिल्क ऑफ मैग्नीशिया तथा Y हाइड्रोक्लोरिक अम्ल है ।

(3) X हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा Y मिल्क ऑफ मैग्नीशिया है ।

(4) X मिल्क ऑफ मैग्नीशिया तथा Y एस्कॉर्बिक अम्ल है ।

**62. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया में बैक्टीरिया (जीवाणुओं) का उपयोग नहीं होता ?**

(1) दही बनने में

(2) डबल रोटी पकने में

(3) गन्ने के रस के किण्वन में

(4) नाइट्रोजन के स्थिरीकरण में

**63. निम्नलिखित में कौन सा अन्य से भिन्न है ?**

(1) वनोन्मूलन

(2) मरुस्थलीकरण

(3) अपरदन

(4) संरक्षण

**64. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?**

(1) पाचन एक रासायनिक परिवर्तन है ।

(2) प्रकाश-संश्लेषण एक रासायनिक परिवर्तन है ।

(3) श्वसन एक रासायनिक परिवर्तन है ।

(4) क्रिस्टलीकरण एक रासायनिक परिवर्तन है ।

**65. Which of the following represents an ascending order as per the size of particles ?**

(1) Rock, Clay, Sand, Gravel, Silt
(2) Clay, Silt, Sand, Gravel, Rock
(3) Silt, Clay, Sand, Gravel, Rock
(4) Rock, Gravel, Sand, Silt, Clay

**66. The function of gills in the fish is to**

(1) take in oxygen from air
(2) absorb nutrients present in water
(3) absorb dissolved oxygen from water
(4) excrete waste into water

**67. Which of the following can be used to complete an electric circuit if one runs out of connecting wire ?**

(1) A paper strip
(2) A rubber belt
(3) A wooden stick
(4) A blade

**68. Manjula is observing her image in a plane mirror. The distance between herself and the mirror is 5 m. She moves 1 m towards the mirror. The distance between herself and her image now is**

(1) 1 m
(2) 4 m
(3) 8 m
(4) 10 m

**69. A pendulum oscillates 30 times in 3 seconds. Choose the <u>correct</u> statement from among the following :**

(1) It's time period is 10 s and frequency 3Hz.
(2) It's time period is 0.1 s and frequency is 10 Hz.
(3) It's time period is 10 s and frequency is 0.3 Hz.
(4) It's time period is 0.3 s and frequency is 0.3 Hz.

**65. कणों के साइज़ (आकार) के अनुसार कौन सा आरोही क्रम को निरूपित करता है ?**

(1) चट्टान, मृत्तिका, रेत (बालू), बजरी, गाद
(2) मृत्तिका, गाद, रेत (बालू), बजरी, चट्टान
(3) गाद, मृत्तिका, रेत (बालू), बजरी, चट्टान
(4) चट्टान, बजरी, रेत (बालू), गाद, मृत्तिका

**66. मछली (मत्स्य) में क्लोम (गिल) का कार्य होता है –**

(1) वायु से ऑक्सीजन ग्रहण करना ।
(2) जल में उपस्थित पोषकों को अवशोषित करना ।
(3) जल में उपस्थित विलेय (घुलनशील) ऑक्सीजन अवशोषित करना ।
(4) जल में अपशिष्टों को उत्सर्जित करना ।

**67. यदि संयोजक तार नहीं है, तो विद्युत परिपथ को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है ?**

(1) कागज़ की पट्टिका
(2) रबड़ की पेटी (पट्टिका)
(3) लकड़ी की छड़
(4) ब्लेड

**68. मंजुला समतल दर्पण में अपने प्रतिबिम्ब का प्रेक्षण कर रही है । उसकी दर्पण से दूरी 5 m है । वह दर्पण की ओर 1 m चलती है । अब उसकी और दर्पण में बने उसके प्रतिबिम्ब के बीच की दूरी है –**

(1) 1 m
(2) 4 m
(3) 8 m
(4) 10 m

**69. कोई लोलक 3 सेकण्ड में 30 दोलन करता है । नीचे दिए गए कथनों में से <u>सही</u> कथन को चुनिए :**

(1) इसका आवर्तकाल 10 s तथा आवृत्ति 3 Hz है ।
(2) इसका आवर्तकाल 0.1 s तथा आवृत्ति 10 Hz है ।
(3) इसका आवर्तकाल 10 s तथा आवृत्ति 0.3 Hz है ।
(4) इसका आवर्तकाल 0.3 s तथा आवृत्ति 0.3 Hz है ।

**70. Identify the incorrect statement.**

(1) Ball bearings are used to increase friction between parts of a machine.

(2) Friction between two surfaces in contact can never be eliminated on earth.

(3) Rolling friction is less than sliding friction.

(4) The friction force on an object moving through a fluid depends upon its shape.

**71. Which of the following statements is/are correct ?**

**A. Iron can replace zinc from zinc sulphate solution.**

**B. Zinc can replace copper from copper sulphate solution.**

**C. Copper can replace Iron from Iron sulphate solution.**

(1) Only A

(2) Only B

(3) A and B

(4) B and C

**72. Identify the correct statement from among the following :**

(1) Clinical Thermometer can be used to measure the temperature of boiling liquids.

(2) Room thermometers have a range from 30 ºC to 100 ºC.

(3) Laboratory thermometers have a range from 35 ºC to 42 ºC.

(4) The range of a laboratory thermometer is greater than that of a clinical thermometer.

**70. गलत कथन पहचानिए :**

(1) बाल बेयरिंग का उपयोग मशीन के भागों के बीच के घर्षण में वृद्धि करने के लिए किया जाता है ।

(2) पृथ्वी पर सम्पर्क में रखे दो पृष्ठों के बीच घर्षण कभी भी समाप्त नहीं किया जा सकता है ।

(3) लोटनिक घर्षण सर्पी घर्षण से कम होता है ।

(4) किसी तरल में गति करते किसी पिण्ड पर घर्षण बल उसकी आकृति पर निर्भर करता है ।

**71. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?**

**A. आयरन जिंक सल्फेट विलयन से जिंक को विस्थापित कर सकता है ।**

**B. जिंक कॉपर सल्फेट विलयन से कॉपर को विस्थापित कर सकता है ।**

**C. कॉपर आयरन सल्फेट विलयन से आयरन को विस्थापित कर सकता है ।**

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A और B

(4) B और C

**72. निम्नलिखित में से सही कथन पहचानिए :**

(1) डॉक्टरी थर्मामीटर का उपयोग उबलते द्रवों का ताप मापने के लिए किया जा सकता है ।

(2) कमरे का ताप मापने के थर्मामीटर का परिसर 30 °C – 100 °C होता है ।

(3) प्रयोगशाला–थर्मामीटर का परिसर 35 °C – 42 °C होता है ।

(4) प्रयोगशाला–थर्मामीटर का परिसर डॉक्टरी थर्मामीटर से अधिक होता है ।

**73. Identify the incorrect statements.**

(1) The calorific value of Kerosene is more than that of Coal.

(2) The calorific value of coal is more than that of Wood.

(3) The calorific value of Biogas is more than that of LPG.

(4) The calorific value of CNG is more than that of Diesel.

**74. A bus travels at a speed of 50 km/h for 12 minutes & then at a speed of 40 km/h for the next 18 minutes. Total distance covered by the bus during this time is –**

(1) 20 km

(2) 22 km

(3) 24 km

(4) 28 km

